Title : Regarding need to declare 'Neemtree' as a national tree in view of its immense utility.

(xiv) Need to declare 'Neemtree' as a national tree in view of its immense utility

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : अध्यक्ष महोदय, सड़क के किनारे दिखने वाला नीम का पेड़ गुणों की एक खान है। भारतीय संस्कृति और दवाओं की दृटि से यह एक महत्वपूर्ण पेड़ हैं। पारसी में इसे आजादे दरख्त कहा गया है।

नीम असंख्य बीमारियों में लाभकारी है। खेती और खाद में भी इसका प्रयोग लाभकारी है। वाशिंगटन की राट्रीय अनुसंधान परिद की एक रिपोर्ट के अनुसार इस धरती पर रहने वाले हर प्राणी के लिए यह एक बहुत उपयोगी पेड़ है। कोई अन्य पेड़ इतने उत्पाद नहीं देता, जितने नीम से प्राप्त हैं। इस पर काफी साहित्य भी उपलब्ध है। अमेरिका की एक कम्पनी ने इससे कुछ कीटनाशक दवाओं के तरीके पर पेटेंट भी प्राप्त किया है। गुणों की खान से भरपूर इस पेड़ को भारत का राट्रीय पेड़ घोित कर दिया जाये ताकि संसार में इसके गुणों का प्रचार हो और पेटेंट की प्रवृत्ति पर अंकुश लग सके।